




# दैनिक भारतीय बस्ती






भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 221 शनिवार 8 मार्च 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### मुकदमे की तारीख देखने जा रहे वृद्ध को पीटा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जमीन के मामले में मुकदमे में तारीख देखने जा रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को बाइक सवार दो युवकों ने पिटाई कर दी। घायल वृद्ध ने हमलावरों में से एक को पहचान लिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर वृद्ध को अस्पताल भेजवाया। पुलिस मामले में केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घटना शुक्रवार की सुबह नौ बजे दुबौलिया थानाक्षेत्र के हरिवंशपुर निवासी 70 वर्षीय वृद्ध संतराम प्रजापति मुकदमे की पैरवी करने साइकिल से बस्ती जा रहे थे। आरोप है कि पहले से घात लगाए मुकदमे के दूसरे फरीक के बेटे ने महुलानी के पास उनकी साइकिल में बाइक से टक्कर मार दी और फिर डंडे से पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकले। पिटाई के दौरान वृद्ध ने एक आरोपी को पहचान लिया। आरोपी मुहम्मद इकरार पुत्र सुलेमान था, जबकि दूसरे हमलावर को पहचान नहीं सका। जबकि एक अन्य बाइक पर दो युवक और भी थे। पुलिस ने केस दर्ज कर मेडिकोलीगल कराना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से चोट लगने के चलते चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### विदेश में नौकरी के लिये मांगे आवेदन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । जनपद के नर्सिंग डिप्लोमाधारी ए.एन.एम./जी.एन.एम. या बीएससी नर्सिंग पास पुरूष व महिलाओं के लिए विदेश में इजरायल, जापान और जर्मनी के देशो मे केयरगिवर, सहायक नर्स व नर्स के 6300 पदों उत्तर प्रदेश सरकार ने सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर एन.एस.डी.सी व फेयरस्ट्रीट प्राइवेट लिमटेड के माध्यम रिक्तियां निकली हैं। उक्त जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने दी है।


उन्होने बताया कि इजरायल में नर्सिंग डिप्लोमाधारी ए.एन.एम./जी.एन.एम. या बीएससी नर्सिंग पास अनुभव 1 वर्ष से ज्यादा पुरूष व महिला पात्र होंगे। आयु सीमा 25 से 45 वर्ष रखी गई है। यहां 5000 पद हैं और वेतन 131818 रुपये प्रतिमाह मिलेगा।

उन्होने बताया कि जापान में केयरगिवर के पद के लिए नर्सिंग डिप्लोमाधारी ए.एन.एम./जी.एन.एम. या बीएससी नर्सिंग पास अनुभव 3 महीने से ज्यादा पुरूष व महिला पात्र होंगे। आयु सीमा 20 से 27 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं। यहां 50 पद हैं। और वेतनमान 1,16,976 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे।

उन्होने बताया कि जर्मनी में सहायक नर्स व नर्स की रिक्तियां हैं। एन.एस.डी.सी. के माध्यम से सहायक नर्स के पदों की संख्या 250 है। नर्सिंग डिप्लोमाधारी ए.एन.एम./जे.एन.एम. या बीएससी नर्सिंग पास अनुभव 1 वर्ष से ज्यादा के पुरूष व महिला पात्र होंगे, वेतनमान 229925 रुपये प्रतिमाह मिलेगा। फेयरस्ट्रीट प्राइवेट लिमटेड के माध्यम से नर्स के पदों की संख्या 1000 है, योग्यता वही अनुभव फ्रेशर से 13 वर्ष के पुरूष व महिला पात्र होंगे। आयु सीमा 24 से 35 वर्ष निर्धारित है व वेतन 22500 रुपये प्रतिमाह मिलेगा।

उन्होने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.पद पर विस्तृत विवरण देख सकते है और जॉबसीकर के रूप में अपना निःशुल्क पंजीकरण कर अपने यूजर आईडी पासवर्ड के माध्यम से उक्त रिक्तियो मे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अथवा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर–155330 पर भी संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिय क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कटरा मूड़घाट रोड बस्ती मे संपर्क कर कर सकते हैं।

## यूपी बोर्ड परीक्षा: घरों में लिखी जा रही थीं कॉपियां, एसटीएफ का छापा, प्रबंधक फरार



आजमगढ (आभा)। यूपी बोर्ड की परीक्षा में बड़े पैमाने पर नकल का खुलासा हुआ है। परीक्षा केंद्र के अंदर सॉल्वर बैठाकर पेपर लिखा जा रहा था। परीक्षा के दौरान केंद्र से बाहर घरों में ले जाकर भी कॉपियां लिखी जा रही थीं। एसटीएफ ने छापेमारी की तो खलबली मच गई। एसटीएफ को उत्तरपुस्तिका केंद्र के बाहर भी फेंकी मिली। मामला आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर स्थित पंडित कामता प्रसाद इंटर कॉलेज का है। यहां दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे चार सॉल्वर को दबोचा गया है। इनमें दो लड़कियां हैं। पूछताछ के दौरान संलिप्तता मिलने पर केंद्र व्यवस्थापक और जनसेवा केंद्र संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। कॉलेज के प्रबंधक समेत पांच लोग फरार हैं। सभी के खिलाफ गंभीरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसटीएफ की टीम सॉल्वरों और केंद्र व्यवस्थापक से पूछताछ कर रही हैं। गुरुवार को दिन में दो बजे से दूसरी पॉली में इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान की परीक्षा थी। एसटीएफ की वाराणसी यूनिट को सूचना मिली कि मुड़हर स्थित पंडित कामता प्रसाद इंटर कॉलेज में सामूहिक नकल कराई जा रही है। यहां परीक्षा देने के लिए सॉल्वर बैठाए गए हैं। करीब तीन बजे एसटीएफ की टीम ने गंभीरपुर थाने की पुलिस के साथ परीक्षा केंद्र पर छापा मारा। टीम ने केंद्र का मुख्य गेट बंद कराकर छानबीन शुरू की। इस दौरान चार लोग दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते मिले। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पूछताछ के दौरान पता चला कि केंद्र व्यवस्थापक और एक जनसेवा केंद्र संचालक की मिलीभगत से सामूहिक नकल कराई जा रही है। इस पर पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। बाद में सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्र के बाहर घरों में कॉपियां लिखे जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस घरों की तरफ रवाना हुई, लेकिन तब तक भनक मिलने के बाद आरोपी फरार हो गए।

परीक्षा केंद्र के बाहर एक उत्तर पुस्तिका फेंकी मिली। एसपी हेमराज मीना ने बताया कि सामूहिक नकल के मामले में केंद्र व्यवस्थापक बबिता तिवारी, जनसेवा केंद्र संचालक धर्मलेश सरोज, सॉल्वर राधेश्याम, नवनीत समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रबंधक विजय तिवारी, संजय सरोज, राजू सरोज, विशाल राय और निलेश तिवारी फरार हैं।

## जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



अम्बाला (आभा)। हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार को भारतीय वायु सेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक, विमान ने अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए आबादी वाले इलाके से दूर विमान को ले जाकर सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने में कामयाबी हासिल की। इस हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया, लेकिन किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

एजेन्सी के अनुसार, वायु सेना ने बताया कि यह घटना शाम की नियमित उड़ान के दौरान हुई। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने तेजी से हालात को भांपते हुए खुद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सेना की रेस्क्यू टीम और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। भारतीय वायु सेना ने इस हादसे की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं, ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

वायु सेना ने इस घटना को लेकर एक्स पर एक पोस्ट भी किया, जिसमें कहा गया कि ष्वायु सेना का एक जगुआर विमान आज तकनीकी खराबी के कारण अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को किसी भी आबादी वाले इलाके से दूर ले जाकर सुरक्षित बाहर निकलने में सफलता पाई।ष इस घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली विभाग के दो एक्सईएन समेत 11 अधिकारियों को नोटिस

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। राजस्व वसूली कम आने पर चीफ इंजीनियर विद्युत वितरण एसके सरोज ने विद्युत वितरण खंड हर्रैया के एक्सईएन और विद्युत वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुधार नहीं होने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके अलावा राजस्व वसूली में खराब प्रगति पर दो एक्सईएन, दो एसडीओ, सात जेई समेत कुल 11 अधिकारियों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया है। इनमें से विद्युत वितरण खंड हर्रैया के एक्सईएन अजय मौर्या और विद्युत वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन आदित्य भूषण भारती को नोटिस दिया गया है।

इसके अलावा एसडीओ हर्रैया अजय कुमार यादव और एसडीओ परशुरामपुर सरफराज अहमद अल्वी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी के साथ राजस्व वसूली में खराब प्रगति वाले सात जेई को भी नोटिस जारी किया गया है। जिसमें जेई कलवारी प्रशांत कुमार, जेई गौर अमित कुमार, जेई कप्तानगंज रजितराम, जेई रुधौली मदनमोहन, जेई बड़ेवन अवनीश गुप्ता, जेई बनकटी सरोज प्रमोद और जेई कुदरहा मो. नादिर शामिल हैं।

## प्रयागराज से लौट रहे दो की हादसे में मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। छावनी थानाक्षेत्र के बाघानाला गांव के दो लोगों की प्रयागराज से घर लौटते वक्त अयोध्या जिले के पूरा कलन्दर थानाक्षेत्र में हादसे में मौत हो गई। सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। पूरा कलन्दर थाने की पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। देर रात परिजनों ने सरयू तट पर दोनों का दाह–संस्कार कर दिया। छावनी थानाक्षेत्र के बाघानाला गांव निवासी 17 वर्षीय छोटू निषाद पुत्र राजेश्वर और 20 वर्षीय अंकित पुत्र स्व. रंगीलाल दोस्त थे। दोनों प्रयागराज महाकुंभ में एक रेस्टोरेंट में काम करते थे। बुधवार को छोटू और अंकित रेस्टोरेंट के मालिक से अपनी मजदूरी का हिसाब लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। रात 11 बजे अयोध्या जिले के पूरा कलन्दर थाने के समीप पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पूरा कलन्दर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतकों के जेब मे मिले आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन पूरा कलंदर के लिए रवाना हो गए। एक ही गांव के दो लोगों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। गौरियानैन के ग्राम प्रधान बच्चाराम यादव ने बताया कि दोनों पढ़ाई के साथ–साथ मजदूरी करके परिवार की मदद करते थे।

## अपना दल एस की बैठक में सांगठनिक मजबूती के लिये अभियान चलाने का निर्णय




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शुक्रवार को अपना दल एस की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल की अध्यक्षता में लोहिया काम्प्लेक्स स्थिति पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव राम नयन पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर लोगों को पार्टी से जोड़े। पार्टी की पहचान उसकी नीतियों और संगठन के आधार पर होती है। कहा कि कार्यकर्ता पंचायत चुनाव को लेकर अभी से तैयारी में जुट जाय। बैठक में बूथ स्तर कमेटियों के गठन पर जोर दिया गया।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य झिनकान चौधरी ने कहा कि अपना दल एस के कार्यकर्ताओं के सड़क से सदन तक निरंतर आवाज उठाने का परिणाम है कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मिल पाया। अभी समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं,हमें निरंतर आवाज उठाते रहने की जरूरत है। संचालन निसार अहमद ने किया।

मासिक बैठक में राम सिंह पटेल, शिवकुमार चौधरी, वन्दना पटेल, राम गोपाल कन्नौजिया, रमेश चंद्र गिरि, राम चन्द्र पटेल, संजय चौधरी, प्रदीप पटेल राणा, वेद प्रकाश चौधरी, अभिषेक चौधरी, सईद खान, रविन्द्र, गोलू, राज कुमार पांडेय,आस्मीन, गीता देवी, राजेश्वरी शर्मा, विद्यावती, प्रभावती, अंजलि, कल्पना, कविता,सावित्री देवी, सुभावती, सुमन, सुधा आदि शामिल रहे।

## ग्राम पंचायत में सड़क निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शुक्रवार को बस्ती सदर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमरौहा सियरापार के नागरिकों के साथ सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल और समाजसेवी सर्वेश चौधरी ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि ग्राम पंचायत चमरौहा सियरापार में 4 प्रमुख स्थानों पर सड़क का निर्माण कराया जाय जिससे आवागमन की सुविधा बढे और क्षेत्र के विकास में तेजी आये।

चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत चमरौहा सियरापार का विकास इसलिये आवश्यक है क्योंकि प्रतिदिन सैकड़ो छात्र पढने जाते हैं। सड़कों का निर्माण हो जाने से आवागमन की सुविधा बढेगी। समाजसेवी सर्वेश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये जनहित में उनका प्रयास जारी रहेगा।

ज्ञापन सौंपने वालो में मनोज चौधरी, रमेश चौधरी, वीरेन्द्र शर्मा, गौरव पटेल, अजय मौर्या, राम सुरेश, मुबारक हुसेन, संदीप कुमार, राम प्रताप, अभिषेक यादव, रमेश भारती, दीपक यादव आदि शामिल रहे।

## दलित की बेटी से दुराचार मामले में एसपी से लगाया न्याय की गुहार




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 5 की छात्रा दलित की बेटी के साथ दुराचार, अश्लील वीडियो बनाने, उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने, गरीब परिवार को धमकी देने के मामले में पीड़िता और उसकी मां ने एसपी को पत्र देकर दोषी जितेन्द्र पुत्र शम्भू के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता का मेडिकल कराने की मांग किया।

एसपी को दिये पत्र में कहा गया है कि सोनहा थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी जितेन्द्र पुत्र शम्भू ने प्राइमरी स्कूल में कक्षा 5 की नाबालिग छात्रा को जबरिया अपने घर में खींच लिया और अश्लील हरकत के साथ वीडियो बनाने लगा। पीड़िता और उसका परिवार काफी गरीब और पढा लिखा नहीं है। सोनहा थाने पर पुलिस ने दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जगह उसका चालान कर छोड़ दिया। अब जितेन्द लगातार धमकियां दे रहा है कि यदि मुकदमा दर्ज कराने जाओगी तो अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया को वायरल कर देंगे। पुलिस मामले को हल्के में ले रही है। पीड़िता ने मामले में दोषी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसकी गिरफ्तारी और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाते हुये दोषी पुलिस कर्मियों के भी विरूद्ध कार्यवाही की मांग किया है।

## आशा बहुओ की समस्याओं का समाधान न हुआ तो आन्दोलन–डॉ. बबिता शुक्ला



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शुक्रवार को कांग्रेस नेत्री डॉ. बबिता शुक्ला ने आशा बहुओं की समस्याओं को लेकर महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अनिल कुमार से मुलाकात किया। मांग किया कि आशा बहुओं की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराया जाय। वे स्वास्थ्य सेवाओं की अभिन्न कड़ी है।

कांग्रेस नेत्री बबीता शुक्ला ने महिला चिकित्सालय पहुंचकर आशा बहू की समस्याओं को सुना इसके बाद उन्होंने महिला चिकित्सालय में तैनात मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मुलाकात कर आशा बहू की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होने बताया कि विगत कई महीनो से आशा बहू महिला अस्पताल के अंदर नहीं जा पा रही हैं जबकि इस तरह का प्रतिबंध महिला चिकित्सालय प्रशासन को नहीं लगना चाहिए । कहा कि कई मामले ऐसे आए हैं जिसमें आशा बहू के परिवार भी शामिल है फिर भी वह अस्पताल नहीं पहुंच पा रही हैं। गेट पर ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों द्वारा उन्हें रोक दिया जा रहा है । उन्होने चेतावनी दिया कि यदि अति शीघ्र समस्या का निराकरण न हुआ तो इसके लिए वृहद आंदोलन किया जायेगा।

## एसडीएम के सामने वकील पर फायरिंग

प्रतापगढ (आभा)। प्रतापगढ में दबंगई और दुस्साहस की बेहद गंभीर वारदात हुई है। यहां तहसील भवन में तहसीलदार के चैंबर में एसडीएम के सामने ही एक वकील को पिस्टल निकालकर गोली मारने की धमकी दी गई। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता फायरिंग भी कर दी गई। संयोग से वकील ने गोली चलाने वाले का हाथ पकड़कर ऊपर कर दिया, इससे गोली छत पर जा लगी। अगर हाथ इधर उधर होता तो किसी को भी गोली लग सकती थी। सामने ही उपजिलाधिकारी (एसडीएम) भी मौजूद थे। वह भी गोली लगने से बाल–बाल बचे हैं। फायरिंग होते ही पूरे तहसील परिसर में खलबली मच गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली का खोखा बरामद किया है और एसडीएम के कार्यालय को फिलहाल सील कर दिया गया है। मौके पर पट्टी कोतवाल और सीओ भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस ने



तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। गोली चलाने वाला भी अधिवक्ता है। इसी दौरान एक और वकील को भी पीट दिया गया है। इससे भी अपरातफरी की स्थिति रही।

वारदात में बाल–बाल बचे अधिवक्ता मनीष तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे तहसीलदार के चेंबर में उपजिलाधिकारी तनवीर अहमद के सामने ग्राम मरगूपुर के विवादित प्रकरण में अपने पक्षकार रामआसरे की तरफ से पैरवी के लिए सहयोगी अधिवक्ता रवि सिंह के पहुंचा था। उपजिलाधिकारी भी तहसीलदार पट्टी के चेंबर में मौजूद थे। आरोप है कि जैसे ही दोनों ने अपने पक्षकार का पक्ष रखना शुरू किया विकास श्रीवास्तव एडवोकेट भी चैंबर में आ गए। वह पैरवी का विरोध करते हुए गलियां देने लगे। इसी बीच पिस्टल निकालकर तान दिया और सहयोगी अधिवक्ता के उपर तानकर बोला 'अगर तुम लोग इसकी पैरवी करोगे तो आज यहीं पर हत्या कर दूंगा। अचानक फायरिंग भी कर दी। संयोग से रवि सिंह ने विकास श्रीवास्तव का हाथ ऊपर कर दिया। इससे गोली छत पर जा लगी। एसडीएम के सामने ही हुई दुस्साहसिक वारदात से हड़कंप मच गया। गोली की आवाज सुनकर तहसीलदार चेंबर की ओर लोग भागे तो गोली चलाने वाला अधिवक्ता फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंची। मौके से गोली का खोखा बरामद किया है। गोली लगने से छत में भी निशान पड़ गया है। पुलिस आगे की जांच और उसके बाद एक्शन की बात कह रही है।

## सपा की मासिक बैठक में सांगठनिक मजबूती पर जोर

–भारतीय बस्ती संवाददाता–




### –जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष तेज करें समाजवादी– महेन्द्रनाथ यादव

बस्ती । शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के नीति, कार्यक्रम से जन–जन को जोड़ने, जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष करने के साथ ही बूथ स्तर की समीक्षा की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि राजनीति निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने–अपने क्षेत्रों में समाजवादी विचारधारा से लोगों को जोड़ने के साथ ही किसानों, नौजवानों, व्यापारियों के साथ ही समाज के सभी वर्गों के हितों के लिये जन सरोकारों से जुड़कर रचनात्मक संघर्ष जारी रखें। कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ता निरन्तर अपनी तैयारी मजबूत रखें।

सपा की मासिक बैठक को विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, चन्द्रभूषण मिश्र, दयाशंकर मिश्रा आदि ने सम्बोधित करते हुये सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया। कहा कि मजबूत संगठन से ही राजनीतिक, सामाजिक सरोकारों के लक्ष्य पूरे होंगे। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी निरन्तर जनहित के सवालों को लेकर संघर्षरत है। बैठक में जमील अहमद, मो. स्वालेह, जावेद पिण्डारी, समीर चौधरी, मो. सलीम, राजाराम यादव, आर.डी. गोस्वामी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, पंकज निषाद, रामजीत यादव, संजय गौतम, रजनीश यादव, जोखूलाल यादव, प्रशान्त यादव, फौजदार यादव, पंकज मिश्र, घनश्याम मिश्र, रन बहादुर यादव, मो. उमर, राजेन्द्र चौधरी, गीता भारती, हृदयराम यादव, प्रमोद यादव, आर.डी. निषाद, कैश मोहम्मद, भोला पाण्डेय, दीपक आर्या, राजू सिंह, रिन्टू यादव आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मुख्य रूप से रहमान सिद्दीकी, जुवैदा खातून, पंकज मिश्र, हृदयराम यादव, प्रवीण पाठक, जुवैदा खातून, फौजदार यादव, सुरेश यादव, मल्लू चौधरी, हनुमान गौड़, राम उजागिर चौधरी के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 8 मार्च 2025 शनिवार

## सम्पादकीय


### इलाज के नाम पर

यह खबर परेशान करती है कि देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते। यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दर्शाता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है।

दरअसल, अस्पताल की फार्मेसी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति–नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा–निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निर्माताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन–कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन–औषधि केद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी,गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं। निश्चित रूप से औषधि विनियामक प्रणाली में सुधार करने से तमाम असहाय रोगियों की परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है। एक रिपोर्ट बताती है कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों का खर्च सात गुना होता है। खासकर कोरोना काल के बाद चिकित्सा खर्च में खासी बढ़ोतरी हुई है। निस्संदेह, राज्य सरकारों को इस मुद्दे पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर उचित गाइडलाइंस बनानी चाहिए। निजी अस्पतालों व मरीजों के हितों के मद्देनजर राज्य सरकारों के संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# महिला दिवस: शबरी से द्रौपदी मुर्मू तक का सफर







**भारतीय संस्कृति स्त्री शक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। शक्ति को इस पूजा के एक मूलभूत पहलू के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति में कहा गया है, 'जहाँ भी महिलाओं का सम्मान किया जाता है, वहाँ देवता मौजूद होते हैं,ष जो समाज में महिलाओं के सम्मान के महत्त्व पर प्रकाश डालता है। विशेष रूप से, भारत इस मायने में अद्वितीय है कि इसके नाम के आगे अक्सर ष्माताष शब्द जोड़ा जाता है, जिसका अर्थ है माँ। वर्तमान में, सत्ययुग युग की पूजनीय माता शबरी के वंश से आने वाली द्रौपदी मुर्मू दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में राष्ट्रपति का प्रतिष्ठित पद संभाल रही हैं, जो लोकतंत्र के क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है।**

**–प्रियंका सौरभ–**

दलित महिलाएँ भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। लंबे समय से, उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करना पड़ा है। भारत में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आख्यान अक्सर हाशिए के समुदायों की महिलाओं के योगदान को नजरअंदाज करते हैं, इसके बजाय पुरुष–केंद्रित दृष्टिकोण या प्रमुख जातियों के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दलित महिला नायकों की अनकही कहानियों और पूरे इतिहास में उनके संघर्षों को याद करके, हम इन आख्यानों को समृद्ध कर सकते हैं और संस्थागत भेदभाव का सामना कर सकते हैं जिसे दलित महिलाएँ पीढ़ियों से झेलती आ रही हैं। आज की महिला नेता लचीली और विविधतापूर्ण हैं। वे वैश्विक जलवायु आंदोलन में सबसे आगे हैं, सामाजिक सुरक्षा की वकालत कर रही हैं, संकटों से निपट रही हैं और प्रणालीगत नस्लीय भेदभाव को खत्म करने के लिए काम कर रही हैं। दुनिया भर में, महिला नेता जीवन बदल रही हैं और सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा दे रही हैं।

रामायण में सबरी की कहानी स्वीकृति, निस्वार्थता और बिना शर्त प्यार के विषयों का उदाहरण है, जो कई भजनों और कविताओं को प्रेरित करती है। भक्ति के उदय ने संत निर्मला और सोयराबाई जैसी महार जाति की महिलाओं को पारंपरिक हिंदू मान्यताओं को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया। नांगेली ने कठोर 'स्तन कर' का बहादुरी से विरोध किया, जो निचली जाति की महिलाओं को लक्षित करता था जो अपने स्तनों को ढकती थीं। कुइली, एक दलित महिला, जिसने तमिलनाडु में शिवगंगा की रानी वेलु नचियार की सेना का नेतृत्व किया, ने 1780 के आसपास ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी। एक अन्य साहसी दलित योद्धा झलकारीबाई, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख व्यक्ति थीं, जो झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में सेवा कर रही थीं। उजीराव, लखनऊ समाज सुधारकों में, सावित्रीबाई फुले दलित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में उभरीं, उन्होंने 1848 में मात्र नौ लड़कियों के साथ एक स्कूल की स्थापना की, जो 1851 तक लगभग 150 महिला छात्राओं वाले तीन स्कूलों तक विस्तारित हो गया।

उन्होंने 1849 में एक स्कूल शुरू करने के लिए अपनी मित्र फातिमा शेख के साथ मिलकर काम किया और 1852 में महिला अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए महिला सेवा मंडल की स्थापना की, साथ ही बालहत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की, जो विधवाओं और हमले के पीड़ितों के लिए प्रसव के लिए एक सुरक्षित स्थान था। मूवलुर राममिर्थम अम्मैयार ने दमनकारी देवदासी प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया, 1936 में इस विषय पर एक तमिल उपन्यास प्रकाशित किया और 1945 में काल्पनिक शृंखला दमयंती बनाई। दक्षायनी वेलायुधन ने 1946 में संविधान सभा के लिए चुनी गई पहली और एकमात्र दलित महिला के रूप में इतिहास रच दिया। महाराष्ट्र में शांताबाई कांबले, मल्लिका अमर शेख और कुमुद पावड़े जैसी लेखिकाओं ने अपनी आत्मकथाओं के माध्यम से दलित नारीवाद को उजागर किया। तमिलनाडु में बामा और पी शिवकामी जैसे लेखकों ने लैंगिक भेदभाव को उत्पीड़न के दोहरे रूप के रूप में सम्बोधित किया। उर्मिला पवार और मीनाक्षी मून जैसी मराठी लेखिकाओं ने महिला आंदोलन के भीतर दलित महिलाओं को सुर्खियों में लाने के लिए काम किया, अपने शोध और व्यक्तिगत कहानियों का उपयोग करके उनके सामने आई कठोर वास्तविकताओं को उजागर किया।

चुनौतीपूर्ण व्यवस्था में फंसी दलित महिलाओं को बाहर निकलने के विकल्प प्रदान करने के लिए श्रम कानूनों में सुधार करना आवश्यक है। सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को आर्थिक विकल्पों के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है। महिलाओं को कौशल प्रदान करने और शिक्षित करने में महत्त्वपूर्ण निवेश आवश्यक है, साथ ही औपचारिक क्षेत्र में नई नौकरियों का सर्जन करने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ–साथ रोजगार सर्जन में बाधाओं को कम करना भी आवश्यक है। महिलाओं के लिए अधिक स्थिर–मजदूरी वाली नौकरियाँ सुनिश्चित करना उनके सामाजिक–आर्थिक शोषण का मुकाबला करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। गहरी जड़ें जमाए हुए पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और लड़कों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति को चुनौती देने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। महिलाओं को निर्णय लेने के अधिकार और शासन में उचित प्रतिनिधित्व के साथ सशक्त बनाया जाना चाहिए। इसलिए, भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्रता से पारित किया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से कार्यक्रमों की देखरेख के लिए सरकारी या सामुदायिक संगठन स्थापित किए जाने चाहिए। दलित महिलाओं को लक्षित नीतियों और पहलों की आवश्यकता है जो विशेष रूप से उनकी अनूठी चुनौतियों का समाधान करें। व्यापक स्वास्थ्य नीतियाँ, विशेष रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य पर केंद्रित, महत्त्वपूर्ण हैं। केरल के कुदुम्बश्री मॉडल से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रोत्साहित करके ऋण तक पहुँच में सुधार किया जा सकता है। भारत में दलित महिलाओं को इस समय एक महत्त्वपूर्ण मोड़ का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें तीन महत्त्वपूर्ण बाधाओं से गुजरना पड़ रहा हैरू वर्ग, जाति और पितृसत्ता। सामाजिक संरचना के ये तीन परस्पर जुड़े पहलू लैंगिक गतिशीलता और दलित महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले उत्पीड़न को समझने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

# वन उपज और रोजगार का लक्ष्य

**–भारत डोगरा–**



समावेशी विकास के लिए आदिवासी समुदायों की प्रगति को टिकाऊ आधार देना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इसके लिए लघु वन उपज आधारित आजीविकाओं का विशेष महत्व है क्योंकि वन बहुत नजदीकी तौर पर आदिवासी जन–जीवन से जुड़े हैं। यदि विविध तरह की लघु वन उपज का उपयोग वन–रक्षा के लिए जरूरी सावधानियों के अनुकूल हो, तो इससे टिकाऊ तौर पर आजीविका आधार बढ़ाने और बेहतर करने के अनेक अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

इन संभावनाओं को अधिकांश स्थानों पर अभी प्राप्त नहीं किया जा सका है क्योंकि चाहे लघु वन उपज एकत्र करने में आदिवासी कितनी भी मेहनत करें, पर उन्हें इस एकत्रित लघु वन उपज की उचित कीमत नहीं मिल पाती है। जब काफी मेहनत से एकत्रित उपज को व्यापारियों को बहुत सस्ती कीमत पर बेचना पड़ता है, तो प्रायः आदिवासी ठगे से महसूस करते हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए जहां उचित कीमत उपलब्ध करवाना जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि इन उत्पादों के स्थानीय प्रसंस्करण द्वारा उनकी मूल्य वृद्धि की जाए और इस तरह बेहतर कीमत प्राप्त करने के साथ–साथ स्थानीय रोजगार सृजन में भी वृद्धि की जाए।

**कुछ ऐसा ही प्रयास हो रहा है आदिवासी महिलाओं की प्रोड्यूसर कंपनी घूमर द्वारा, जो राजस्थान के पाली और उदयपुर जिलों में सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं की सदस्यता के आधार पर चल रही इस प्रोड्यूसर कंपनी ने सैकड़ों महिलाओं और उनके परिवारों की लघु वन उपज से प्राप्त आय में मात्र पांच–छह वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। धर्मी बाई की ही बात करें तो जहां पहले वह एक वर्ष में लघु वन उपज से 6 हजार रुपये के आसपास ही प्राप्त कर सकती थीं, वहां अब उनके परिवार ने एक वर्ष में 79,450 रुपये की आय लघु वन उपज से प्राप्त की। इन गांवों में ऐसी सैकड़ों महिलाएं मिल जाएंगी, जो 50,000 रुपये के आसपास एक वर्ष या सीजन में लघु वन–उपज से प्राप्त कर रही हैं।**

कुछ ऐसा ही प्रयास हो रहा है आदिवासी महिलाओं की प्रोड्यूसर कंपनी घूमर द्वारा, जो राजस्थान के पाली और उदयपुर जिलों में सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं की सदस्यता के आधार पर चल रही इस प्रोड्यूसर कंपनी ने सैकड़ों महिलाओं और उनके परिवारों की लघु वन उपज से प्राप्त आय में मात्र पांच–छह वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। धर्मी बाई की ही बात करें तो जहां पहले वह एक वर्ष में लघु वन उपज से 6 हजार रुपये के आसपास ही प्राप्त कर सकती थीं, वहां अब उनके परिवार ने एक वर्ष में 79,450 रुपये की आय लघु वन उपज से प्राप्त की। इन गांवों में ऐसी सैकड़ों महिलाएं मिल जाएंगी, जो 50,000 रुपये के आसपास एक वर्ष या सीजन में लघु वन–उपज से प्राप्त कर रही हैं।

घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी में लगभग 2000 महिला शेयर होल्डर हैं, जिनमें से अधिकांश गरासिया आदिवासी महिलाएं हैं। इस कंपनी के लगभग सभी उत्पाद इन महिलाओं और उनके परिवारों की आजीविका को सशक्त करने के साथ स्वास्थ्य को बेहतर करने वाले उत्पादों से जुड़े हैं। सीताफल या कस्टर्ड एप्पल के गूदे को निकाल कर विभिन्न खाद्य औद्योगिक इकाइयों को बेचा जाता है, जबकि इसके बीज और छिलके का भी उचित उपयोग होता है। जामुन के स्लाइस और पेय तैयार होते हैं। पलाश के फूल का गुलाल बनता है और अन्य वनस्पतियों आधारित सूखे रंग भी बनते हैं। पलाश की पत्तियों के दोने–पत्तल बनते हैं। बेर छांट कर बेचे जाते हैं और इसके चूर्ण और पेस्ट से अन्य उत्पाद भी बनते हैं, जैसे लड्डू और लालीपॉप जैसा खाद्य।

घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी ने इन विभिन्न उत्पादों के लिए आधुनिक उत्पादन विधियां विकसित की हैं और इसके लिए जरूरी मशीनें और उपकरण खरीदे हैं, पर साथ ही ऐसी तकनीक अपनाई है जो अधिकांश यंत्र आधारित न हो और जिसमें आदिवासी ग्रामीण महिलाओं को पर्याप्त रोजगार मिलता रहे। इन विभिन्न उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के प्रयास तेज हो रहे हैं, पर इन ग्रामीण महिलाओं के लिए केवल आय बढ़ाना ही सब कुछ नहीं है, वे इस ओर भी ध्यान देती हैं कि वनों की रक्षा करते हुए ही उपज प्राप्त की जाए ताकि वन आधारित आजीविका टिकाऊ आधार पर सुरक्षित रहे।

दूसरी ओर कुछ बाहरी एजेंट इस तरह वनों का दोहन करने का प्रयास करते हैं, जिससे कच्चे फल भी तोड़े जाते हैं और पेड़ों से सीताफल जैसे फल कम प्राप्त होते हैं। फल प्राप्त करने का सीजन छोटा हो जाता है, फल एकत्रित करने वालों की आय कम होती है और कच्चे ही तोड़ लिए गए फल एक तरह से नष्ट ही होते हैं क्योंकि उनका कोई विशेष उपयोग नहीं हो पाता है।

दूसरी ओर घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि विभिन्न सावधानियों को अपनाते हुए ही फल, फूल, पत्ती आदि को प्राप्त किया जाए। साथ ही स्थानीय परिवेश से जुड़े होने के कारण उन्हें स्वाभाविक तौर पर भी इस विषय का बेहतर पारंपरिक ज्ञान होता है कि क्या तोड़ना है और क्या नहीं तथा कैसी सावधानी बरतना जरूरी है।

कंपनी के नेतृत्व का प्रयास है कि इसके उत्पादन और आय को बढ़ाकर इसे कहीं अधिक महिलाओं तक पहुंचाया जाए और उन्हें अधिक आय भी उपलब्ध कराई जाए। इसे संबंधित अधिकारियों से भी सहयोग मिल रहा है। एक बड़ा सवाल यह है कि क्या इसके उत्पाद स्वयं भी एक लोकप्रिय ब्रांड के रूप में सीधे–सीधे उपभोक्ताओं में अधिक व्यापक स्थान प्राप्त कर सकेंगे। यदि ऐसा संभव हुआ तो यह वन–उपज आधारित आदिवासियों की टिकाऊ आजीविका को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# बिहार में चुनावी सरगर्मियां

**–संतोष पाठक–**



**बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दिलचस्प दौर जारी है। नीतीश कुमार जहां एक बार फिर अपने पुराने रूप में आते हुए लालू यादव और राबड़ी देवी पर तीखा हमला बोल रहे हैं। नीतीश तेजस्वी यादव पर निशाना साधने के साथ ही बिहार के मतदाताओं को 2005 से पहले के बिहार की भी लगातर याद दिला रहे हैं। लेकिन नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की लड़ाई के बीच प्रशांत किशोर के एक बयान ने बिहार की राजनीति को पूरी तरह से गरमा दिया है। जन सुराज पार्टी के बैनर तले बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रशांत किशोर ने यह बयान देकर सनसनी पैदा कर दी है कि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे लेकिन नतीजों के बाद वे फिर से पाला बदल सकते हैं। प्रशांत किशोर ने इसके साथ ही अपने कई पुराने बयानों को दोहराते हुए नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर भी कई तरह के गंभीर सवाल उठाए।**

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दिलचस्प दौर जारी है। नीतीश कुमार जहां एक बार फिर अपने पुराने रूप में आते हुए लालू यादव और राबड़ी देवी पर तीखा हमला बोल रहे हैं। नीतीश तेजस्वी यादव पर निशाना साधने के साथ ही बिहार के मतदाताओं को 2005 से पहले के बिहार की भी लगातर याद दिला रहे हैं। लेकिन नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की लड़ाई के बीच प्रशांत किशोर के एक बयान ने बिहार की राजनीति को पूरी तरह से गरमा दिया है। जन सुराज पार्टी के बैनर तले बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रशांत किशोर ने यह बयान देकर सनसनी पैदा कर दी है कि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे लेकिन नतीजों के बाद वे फिर से पाला बदल सकते हैं। प्रशांत किशोर ने इसके साथ ही अपने कई पुराने बयानों को दोहराते हुए नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर भी कई तरह के गंभीर सवाल उठाए।

भाजपा के रणनीतिकारों को भी नीतीश कुमार की राजनीतिक शैली का बखूबी अंदाजा है। इसलिए पार्टी के रणनीतिकारों ने पहले ही इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति बना ली है। बताया जा रहा है कि भाजपा इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन में जेडीयू और भाजपा के बीच 122–121 के फॉर्मूले पर सीटों का बंटवारा हुआ था। जेडीयू को मिले 122 सीटों में से 115 पर नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 7 सीटें जीतन राम मांझी की पार्टी को दिया था। वहीं भाजपा ने अपने कोटे की 121 सीटों में से 110 पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 11 सीटें मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को दे दी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में 110 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 74 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि भाजपा से ज्यादा यानी 115 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी सिर्फ 43 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई थी।

इस बार भाजपा ने बिहार में जेडीयू से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार कर ली है। इस रणनीति के तहत भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के 122–121 के फॉर्मूले को दरकिनार करते हुए 139–104 का नया फॉर्मूला तैयार कर लिया है। इस फॉर्मूले के हिसाब से 2020 के विधानसभा चुनाव में 115 सीटों पर लड़ने वाले नीतीश कुमार की पार्टी को इस बार सिर्फ 104 सीटों पर ही संतुष्ट होना पड़ेगा। भाजपा इस फॉर्मूले के तहत 139 सीटें अपने कोटे में रखने की तैयारी कर रही है। भाजपा के आला नेताओं ने नीतीश कुमार को इस फॉर्मूले के बारे में बताते हुए यह भी साफ कर दिया है कि पार्टी अपने कोटे में से ही गठबंधन में शामिल अन्य दलों को सीटें देंगी।

बताया जा रहा है कि 139 सीटों के अपने कोटे में से भाजपा 20 सीट चिराग पासवान की पार्टी को देगी और 7–7 सीट जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को देगी। बाकी बची 105 सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। इस हिसाब से भाजपा नीतीश कुमार की पार्टी से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़कर बिहार एनडीए गठबंधन की राजनीति में न केवल बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी बल्कि इसके साथ ही चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के उम्मीदवारों के चयन में भी अपना दखल बनाए रखेगी। भाजपा की यह पूरी कोशिश होगी कि 139 के अपने कोटे वाली सीटों पर ही शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत के लिए जरूरी 122 सीटें हासिल कर ली जाए। अगर पार्टी अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो फिर नीतीश कुमार की मोलभाव करने की राजनीतिक क्षमता खत्म हो जाएगी। भाजपा बड़े आराम से चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मदद से बिहार में अपना मुख्यमंत्री बना लेगी।

बिहार की राजनीति के बारे में एक बात तो शीशे की तरह साफ है कि नीतीश कुमार से लेकर लालू यादव और तेजस्वी तक, चिराग पासवान से लेकर भाजपा तक, सब एक दूसरे की मंशा से वाकिफ है। सब बेहतर मौके का इंतजार कर रहे हैं और बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे ही यह बताएंगे कि चुनाव के बाद कौन किसके साथ रहेगा और राज्य में किसकी सरकार बनेगी ?

# मुंबई में बैठे मकान मालिक ने देखी लाइव चोरी, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार



**संवाददाता–देवरिया।** जिले के मईल थाना क्षेत्र के कहांव गांव के गहिला मोड़ के समीप बंद पड़ी मकान में गुरुवार की रात चोर घुस कर चोरी कर रहे थे। अचानक मुंबई में बैठे मकान मालिक ने सीसी कैमरे से लाइव चोरी की घटना देख ली। मुंबई से ही ग्रामीणों व पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और घर में घुसे तीन चोरों को दबोच लिया। साथ ही तीनों के पास से दो असलहे भी बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तीनों चोर गोरखपुर जनपद के रहने वाले हैं। मईल थाना क्षेत्र के ग्राम कहांव के रहने वाले इसराफिल का पूरा परिवार मुंबई में रहता है। जबकि गांव के बाहर गहिला मोड़ के समीप उन्होंने एक मकान बनवा रखी है। परिवार मुंबई में होने के चलते मकान में ताला लटक रहा है। रात को लगभग 12 बजे उनकी मकान में चोर घुस गए। रात को उनकी नींद खुली और अपने मोबाइल से सीसी कैमरे को आन कर उन्होंने देखा तो अवाक रह गए। उनके मकान में तीन चोर घुस कर चोरी कर रहे थे। उन्होंने अपने भाई के साथ ही ग्राम प्रधान व पुलिस को भी सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीण व पुलिस ने चारो तरफ से मकान को घेर लिया। इसके बाद दो मंजिल मकान से एक चोर रस्सी के जरिये नीचे उतर कर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। उसके पास से असलहा भी बरामद किया गया।

एक चोर के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ मौके पर ही की तो उसने बताया कि दो चोर और मकान में है। उनके पास भी असलहा है। जिसके चलते पुलिस काफी मशक्कत के बाद दो चोरों को पकड़ने में सफल हो पाई। लगभग दो घंटे तक यह कार्रवाई पुलिस व ग्रामीणों की चलती रही।

गोरखपुर जनपद के रहने वाले चोर बाइक से आए थे। गांव के बाहर उन्होंने अपनी बाइक सरसों के खेत में रख दिया था। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बाइक को भी रात को ही बरामद कर लिया।

अवधेश निषाद पुत्र रामसकल निषाद निवासी बल्लोचक थाना बांसगांव, गोरखपुर, सन्नी मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा व जयकिशुन यादव उर्फ गोलू यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी झंगहा जिला गोरखपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोलू यादव के विरुद्ध गोरखपुर जनपद में पहले भी केस दर्ज हो चुका है।

प्रभारी निरीक्षक मईल अमित कुमार राय, वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र यादव, उप निरीक्षक सुमित कांत, सिपाही विश्वामित्र प्रसाद, राहुल गुप्ता टीम में शामिल रहे।

मईल थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी करते हुए तीन चोर पकड़े गए हैं। उन्हें जेल भेज दिया गया है। सीसी कैमरे से मकान मालिक को इसकी जानकारी हुई है। मकान मालिक की सूचना पर ही यह कार्रवाई की गई। अन्य लोग भी सीसी कैमरे को लेकर जागरूक हों और अपने घरों में लगवाएं।

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट में मृतका के परिवार को विधायक ने दिया 4 लाख का चेक



**संवाददाता–बलरामपुर।** 8 फरवरी को हुए गैस सिलेंडर ब्लास्ट के पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता मिली है। विधायक सदर पल्टूराम ने शुक्रवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें आपदा राहत की राशि का प्रमाण पत्र सौंपा।

घटना में घायल तारादेवी की मृत्यु हो गई थी। जिला प्रशासन ने मृतका के पति नरेन्द्र कुमार को चार लाख रुपए की अहेतुक सहायता दी है। साथ ही मकान मरम्मत के लिए 1.20 लाख रुपए और घरेलू सामान के लिए 5 हजार रुपए की मदद दी गई है।

भारत पेट्रोलियम ने इलाज के लिए 1.75 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। क्षतिग्रस्त मकानों के लिए कमलेश कुमार और विवेक को 1.25–1.25 लाख रुपए की सहायता दी गई है। दोनों को घरेलू सामान के लिए 5–5 हजार रुपए अतिरिक्त मिले हैं।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पीड़ितों की हर संभव मदद करेंगे। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके का दौरा किया था। घायलों के इलाज की तत्काल व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर संजीव यादव और जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कलयुगी बेटी ने प्रेमी के लिए पिता को कटवा डाला, बाद में लड़की ने उगला राज

**संवाददाता–देवरिया।** प्रेम प्रसंग में बाधक बन रहे पिता की बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर मंगलवार को कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद घटना को दूसरी तरफ मोड़ दिया, लेकिन पुलिस ने उसके मंसूबों पर अगले दिन पानी फेर दिया। घटना में शामिल बेटी के प्रेमी को पुलिस भागने के क्रम में शहर के सुभाष चौक से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

घटना के बाद बेटी ने जमीन के विवाद में गांव के कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने हत्या से इनकार किया और इनका मोबाइल लोकेशन भी दूसरी जगह बता रहा था। इसके बाद टीम को बेटी दीपाली पर संदेह हुआ तो कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद उसने हकीकत बयां कर दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के महुआबारी मोहल्ला निवासी उदयभान यादव (65) की उनके पुराने मकान के दूसरी मंजिल पर एक कमरे में कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई धर्मेंद्र यादव पुत्र स्व. महेश यादव की तहरीर पर चार नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में एसपी विक्रांत वीर ने डाग स्क्वाड, फारेंसिक टीम, एसओजी टीम, सर्विलांस टीम, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली की टीम बनाकर पर्दाफाश की जिम्मेदारी सौंपी।

टीम के सदस्यों ने सर्विलांस के सहारे हत्या के समय घर में मौजूद लोगों के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने घर पर मौजूद मृतक की पुत्री दीपाली यादव से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अपने प्रेमी कोतवाली क्षेत्र के मुराडीह निवासी विशेष कुमार उर्फ पवन गौंड के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने शहर के सुभाष चौक से विशेष कुमार गौंड उर्फ पवन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को बृहस्पतिवार को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

पिता की हत्या की सूचना के बाद संतकबीरगनर में कांस्टेबल के पद पर तैनात बड़ी बेटी दीक्षा यादव सीधे गांव पहुंची। हत्या के बाद गांव वाले घर को पुलिस ने सील कर दिया था। वहां पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। दोनों भाई घोठे पर मकान बनवाकर रह रहे चाचा के यहां मौजूद थे। वह चाचा के घर पहुंची तो भाई की हत्या के बाद बदहवास उसके चाचा ने उसे रोक दिया। हालांकि उनकी मां, पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों ने काफी समझाया। थोड़ी देर के लिए वह एकदम से नाराज थे।

इसी बीच दीक्षा ने डॉयल 112 की मदद मांगी। सूचना के बाद रात करीब 22.34 पर फोन कॉल आया। जिस पर कॉलर ने अपना नाम दीक्षा यादव पुत्री स्वर्गीय उदयभान यादव बताया। उन्होंने बताया कि ये महिला सिपाही हैं। इनके चाचा घर पर नहीं रहने दे रहे हैं ताला बंद कर दिए हैं। महिला ने कहा कि वह अपनी बुआ के घर जाना चाहती हैं जो गोरखपुर ओवरब्रिज के समीप रहती है। महिला को पीआरवी 1456 ने उनकी बुआ के घर पहुंचा दिया।

सुबह में वह अपनी बुआ और भाई के साथ चाचा के घर पहुंची। जहां सभी परिजन मौजूद थे। चाचा ने बताया कि घटना के बाद उन्हें कुछ नहीं सूझ रहा था। अचानक से इतनी बड़ी घटना उनके परिवार के सदस्य के साथ हो जाएगी। इसका अंदेशा नहीं था। वह भाई के ब्रह्मभोज के आयोजन संबंधित जानकारी में लगे हुए थे।

# जन औषधि केन्द्र से सस्ती दर पर मिल रही दवाएं

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जेनरिक दवाओं के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ाने करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जन औषधि दिवस मनाया गया। जिसके तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जन औषधि दिवस मनाया गया। साथ ही जन औषधि केन्द्र की जरूरत व जेनेरिक दवाओं का महत्व बताया गया। विधायक रामफेरन पाण्डेय, अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा व जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जन औषधि दिवस मनाया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत केन्द्र सरकार का उद्देश्य महंगे ब्रांडेड लोगों के स्थान पर गुणवत्ता वाले जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराना है। विधायक राम फेरन पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से नवंबर 2016 को घोषित प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां बाजार मूल्य से 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों को इलाज में सहूलियत मिल रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना में लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए और जेनेरिक दवाओं के उपयोग के बारे में जागरूकता के लिए सरकार विभिन्न माध्यमों से प्रयास कर रही है। जिससे लोग जागरूक होकर जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती दवाओं को खरीदकर प्रयोग कर सके। इस मौके पर सीएमओ डाक्टर अशोक कुमार सिंह, आशुतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# अलग–अलग हादसे में दो युवकों की मौत

**संवाददाता–देवरिया।** जिले के भाटपाररानी सर्किल में हुई अलग–अलग घटनाओं में शुक्रवार को दो युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पहली घटना खामपार थाना क्षेत्र के जासपार गांव के समीप की है। यहां ऑटो पलटने से कुकर घाटी निवासी पवन खरवार (35 ) पुत्र अवधराज खरवार की मौत हो गई। अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की।

दूसरी घटना श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के सिरसिया पवार की है। यहां भोरे थाना क्षेत्र के कोरया दीक्षित गांव निवासी संदीप बैठा (17) पुत्र अमर बैठा टेंट हाउस में काम करने के दौरान 11 हजार करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आनन–फानन में लोग उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# रमजान का पहला जुमा मस्जिदों में उमड़े अकीदत मंद

**संवाददाता–श्रावस्ती।** रमजान के पाक महीने की शुरुआत 2 मार्च से हो चुकी है और सात मार्च को छठा रोजा रखा गया है। इसके साथ ही पहले जुमे की नमाज भी अदा की गई। इस बार रमजान में कुल चार जुमे आएंगे। इस्लाम में जुमे का दिन बेहद खास माना जाता है और रमजान के महीने में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दिन मस्जिदों में विशेष जुमे की नमाज अदा की जाती है और लोग एक–दूसरे को गले लग कर मुबारकबाद देते हैं। शुक्रवार को लक्ष्मनपुर बाजार समेत जिले की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। इबादत के महीने रमजान में जुमे का महत्व काफी बढ़ जाता है। माना जाता है कि रोजा रख कर जो रोजेदार जुमे की नमाज अदा करते हैं। उन पर अल्लाह की मेहरबानी रहती है। इस साल रमजान में कुल चार जुमा होंगे। इस्लाम धर्म में पांच वक्त की नमाज अदा करना मुसलमानों पर फर्ज है। इनमें जुमे की नमाज का खास महत्व है. जुमे के दिन को लेकर ऐसा कहा जाता है कि, हजरत आदम अलैहिस्सलम को जुमे (शुक्रवार) के दिन ही जन्नत से इस दुनिया में भेजा गया और जन्नत में उनकी वापसी भी जुमे के दिन ही हुई थी। मान्यता है कि जो लोग जुमे की नमाज अदा करते हैं उनके पूरे सप्ताह की गलतियों को अल्लाह माफ कर देते हैं। शुक्रवार को पूरे जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई।

## चूल्हे पर भोजन बनाते समय मां-बेटी झुलसी, बच्ची की मौत

**संवाददाता–महराजगंज।** सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के लोहिया नगर में गुरुवार की देर शाम भोजन बनाते समय आग की चपेट में आने से एक ढाई साल की बच्ची बुरी तरह से झुलस गई। परिजन उसे आनन–फानन में लेकर सिसवा सीएचसी पर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। बच्ची को बचाने के चक्कर में उसकी मां भी झुलस गई है। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। लोहिया नगर निवासी मनीष शर्मा की पत्नी अंगिरा देवी गुरुवार की शाम अपनी झोपड़ी में चूल्हे पर भोजन बना रही थी। अंगिरा की तीन बेटियां हैं। इनमें से दो बेटियां घर के बाहर खेल रही थीं। अंगिरा भोजन बना रही थी और उसके साथ उसकी छोटी बेटी ढाई साल की सृष्टि भी थी।

## ई–खसरा पड़ताल में धीमी प्रगति पर डीएम सख्त



**संवाददाता–श्रावस्ती।** भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट तथागत हाल में आयोजित बैठक में जनपद के सर्वेयर, सुपरवाइजर, वैरिफायर और कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में ई–खसरा पड़ताल कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। रजिस्ट्रेशन और ई–केवाईसी कार्य में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। तहसील भिनगा, इकौना और जमुनहा के कुल 29 लेखपालों, 8 टीएसी और एक बीटीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भिनगा के दो टीएसी राम किशोर और आदित्य कुमार का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ई–खसरा पड़ताल और फार्मर रजिस्ट्री कार्य शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिया कि वे ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों या अन्य योग्य व्यक्तियों की मदद से फार्मर रजिस्ट्री कार्य शत–प्रतिशत पूरा करें। सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को नियमित समीक्षा करने और अद्यतन रिपोर्ट शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# पिपरिया पहुंची बिहार राजस्व की टीम, विरोध के बाद लौटी

**संवाददाता–महराजगंज।** परतावल में पिपरिया गांव में शुक्रवार को बिहार राजस्व विभाग की टीम पहुंची। बेतिया राजघराने की जमीन बताकर एक गाटे का सीमांकन करने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। बिना सीमांकन किए ही टीम को वापस कर दिया। बिहार की राजस्व टीम गोरखपुर के बेतिया हाता में सीमांकन के बाद अब महराजगंज के पिपरिया गांव में पहुंच गई है। यही कारण है कि गोरखपुर से लेकर महराजगंज के परतावल तक हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल महराजगंज जिले के पिपरिया गांव में 7 एकड़ के करीब जमीन पर बिहार के बेतिया राजघराने ने दावा ठोका है। यह जमीन सदर तहसील के परतावल ब्लाक के पिपरिया गांव में स्थित है, जहां अधिकांश क्षेत्रों में रिहायशी मकान बने हुए हैं। कुछ हिस्सों में गेहूं की खेती हुई है। बिहार सरकार के अमीन संतराज कुमार का कहना है कि पिपरिया गांव में 7 एकड़ बेतिया राजघराने की है। राजघराने का कोई वारिस नहीं है, इसलिए बिहार सरकार इसे अपना बता रही है।

बिहार के राजस्व विभाग के जिम्मेदार संतराज कुमार, पृथ्वी राज यादव, मिथिलेश कुमार और विवेक राज ने बताया कि गोरखपुर में मुख्यालय बनाया गया है। वहीं से पूरे प्रदेश में टीम जा रही है, जहां–जहां बेतिया राजघराने की जमीन दर्ज है। इसी क्रम में परतावल के पिपरिया गांव में टीम पहुंची है। टीम को सीमाकंन करके बिहार सरकार को रिपोर्ट देनी है। नियमों के अनुसार स्थानीय सरकार के सहयोग से जमीनों की पहचान की जा रही है। जिस जमीन पर बिहार सरकार की राजस्व टीम सीमांकन करने पहुंची थी, उस खेत के मालिक ने अपने तीन पुश्तों की जमीन होने का कागज दिखाया। बिहार के बेतिया राजघराने की जमीन को लेकर आई संबंधित टीम के पिपरिया गांव में पहुंचने पर सीमांकन शुरू होने के पहले ही स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। मौके पर महराजगंज की राजस्व टीम ने पुराने कागजात को देखने के बाद ही सीमांकन करने को कहा। पंकज शाही, तहसीलदार सदर ने कहा कि अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा। स्थानीय किसानों ने अपने तीन पुश्त के कागजात प्रस्तुत किए हैं। इसलिए पुराने अभिलेखों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रमजान के पहले जुमे पर अकीदत से हुई नमाज

**संवाददाता–बहराइच।** इबादत व बरकत के महीने रमजान के पहले जुमा पर शहर व ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ जुटी। रोजेदारों ने अकीदत से जुमा की नमाज अदा की। शहर की दरगाह की अंदरूनी शाही मस्जिद मे नौचंदी मेले मे आए जायरीन के जुमा की नमाज को लेकर विशेष इन्तजाम किए गए। उधर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम थे। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा का पहरा रहा। उलमा ने अपने खुतबे में रोजेदारों को अमन के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। शहर की काजीपुरा स्थित जामा मस्जिद में मौलाना वली उल्लाह मजाहिरी ने खुतबा पढ़ा। रमजान के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद अकीदत से नमाज हुई। शहर की सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह स्थित अंदरूनी शाही मस्जिद मे मौलाना अरशदुल कादरी ने रमजान के पहले जुमा की नमाज अकीदत से पढ़ाई। नानपारा मस्जिद, कादरी मस्जिद, मस्जिद कदम रसूल, मैनेजरी मस्जिद आदि में अकीदत से नमाज हुई। ग्रामीण इलाकों के नानपारा, महसी, पयागपुर विशेश्वरगंज, रामगांव, मिहीपुरवा, सुजौली, मुर्तिहा आदि सभी ग्रामीण इलाकों में अकीदत से नमाज हुई। रिसिया के कटिलिया चौराहे पर स्थित मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी इकट्ठे हुए।

रमजान में पढ़ी जाने वाली तरावीह की नमाज के दौरान बक्शी गांव मस्जिद के इमाम कारी जावेद ने छह दिन में पूरा कुरान पढ़कर पूरा कर किया। समुदाय के लोगों ने कारी जावेद को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शहाबुद्दीन खान, असफाक खान, दानिश, नफीस,हसीब आदि मौजूद रहे।

# केवल आवेदन से ही आबकारी विभाग को मिला 48 करोड़ का राजस्व

**संवाददाता–कुशीनगर।** देशी, कंपोजिट अंग्रेजी, मॉडल शॉप व भांग की दुकानों के लिए आवेदन निकाल कर आबकारी विभाग मालामाल हुआ है। जिले में हुये आवेदनों से विभाग को प्रोसेसिंग फीस के रूप में 48 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उसे विभाग को वापस नहीं करना है। इसके अलावा विभाग इन दुकानों के माध्यम से आगामी एक साल में 74 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्ति करेगा। आबकारी विभाग से जिले में 240 देशी शराब की दुकान, 125 कंपोजिट अंग्रेजी व बीयर की दुकान, 6 मॉडल शॉप व 13 भांग की दुकानों के लिए 17 फरवरी से लेकर 27 फरवरी तक लोगों ने आवेदन किया था। इन दुकानों के आवंटन के लिए 3764 आवेदकों ने 9185 ऑनलाइन आवेदन किया था। इन आवेदनों के साथ 48 करोड़ रूपये का प्रोसेसिंग फीस जमा किया था, जिसे लाटरी के माध्यम से दुकान आवंटन के वंचित आवेदकों को वापस नहीं होगा। वहीं इन दुकानों के माध्यम से विभाग ने आगामी एक साल में 74 करोड़, 89 लाख, 75 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त करेगा। कंपोजिट अंग्रेजी व वीयर दुकान कसया नंबर एक के लिए सर्वाधिक 262, देशी शराब पकड़ियार के लिए सर्वाधिक 74 व मॉडल शॉप तमकुहीराज के लिए सर्वाधिक 61 आवेदन प्राप्त हुये थे। इनमें से सिर्फ एक आवेदक को लाटरी के माध्यम से दुकान प्राप्त हुआ है।

जिला आबकारी अधिकारी कुशीनगर सुभाष चंद्र ने कहा, जिले के 383 शराब की दुकानों के लिए प्राप्त आवेदनों के माध्यम से 48 करोड़ रूपये का प्रोसेसिंग फीस प्राप्त हुई थी। लाटरी सिस्टम से आवंटित दुकानों से विभाग आगामी एक साल में 74 करोड़ रूपये राजस्व प्राप्त करेगा। जिला मुख्यालय पर आयोजित ई–लाटरी के माध्यम से शांति पूर्ण तरीके से दुकानों का आवंटन किया गया है।

देहात क्षेत्र में संचालित देशी शराब की दुकान के लिए 40 हजार, नगर पंचायत की दुकानों का 50 हजार व नगर पालिका परिषद के दुकानों का 60 हजार रूपये प्रोसेसिंग शुल्क रहा। वहीं कंपोजिट अंग्रेजी व वीयर की दुकान देहात में लिए 55 हजार, नगर पंचायत की दुकान के लिए 65 हजार व नगर पालिका परिषद की दुकान के लिए 75 हजार रूपये तथा मॉडल शॉप नगर पंचायत की दुकान के लिए 70 हजार व नगर पालिका परिषद की दुकान के लिए 90 हजार रूपये निर्धारित था।

## शस्त्र अधिनियम के दो दोषियों पर जुर्माना

**संवाददाता–श्रावस्ती।** शस्त्र अधिनियम के दो दोषियों को जेल में बितायी गयी अवधि के कारवास की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदंड से दंडित किया गया। वर्ष 2010 में गिलौला पुलिस ने दिनेश यादव पुत्र काशीराम निवासी मध्यनगर मनोहरपुर थाना इकौना को चाकू के साथ पकड़ा था।


### अदालती नोटिस

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा
अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0
M.N.R.N0. 7/2025

संजीव अग्रवाल
**बनाम**
राजीव अग्रवाल आदि

1–राजीव अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार निवासी मकान नम्बर 9/6/35 रिकाबगंज परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला–अयोध्या
2–कविता अग्रवाल पत्नी शास्वत अग्रवाल निवासी सी. 142 सेक्टर 44 नियर एमिटी ग्लोबल स्कूल नोयडा (उ.प्र.)
3–उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम
**मृतका**–भाग्यमणि पत्नी स्वर्गीय कृष्ण कुमार निवासी मकान नं. 9/6/35 रिकाबगंज परगना– हवेली अवध तहसील सदर जिला – अयोध्या

**पेशी दिनांक– 25–03–2025**

अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना–पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।

चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2025 के माह 03 के 25 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।

अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज जू0डि0 सदर फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 25–03–2025 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय जिला अयोध्या /फैजाबाद
मूलवाद सं0–1373/2019

धर्मेन्द्र नाथ पाण्डेय
बनाम
अंजनी कुमार आदि

बनाम–1– अंजनी कुमार 2. राजेन्द्र कुमार 3. दिनेशमणि 4. गुलाब चन्द्र पुत्रगण स्व0 सत्यनरायन पाण्डेय 5. नगेन्द्र कुमार 6. नरेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 शिव कुमार 7. सत्यदेव पुत्र स्व0 रामराज पाण्डेय 8. रामअधार वर्मा पुत्र स्व0 बच्चूलाल वर्मा 9. अंकित कुमार पुत्र राम आधार वर्मा 10. सचिन कुमार आयु लगभग 16 वर्ष नावालिग पुत्र राम अधार संरक्षक पिता स्वयं समस्त निवासीगण ग्राम महेशपुर पोस्ट गंगौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला–अयोध्या

**तारीख पेशी 16–04–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 04 के 16 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय जिला अयोध्या /फैजाबाद
मूलवाद सं0–946/2024

नकुल गौड
बनाम
कालिका प्रसाद आदि

बनाम–1– कालिका प्रसाद पुत्र संचित 2. मनोज कुमार पुत्र संचित निवासीगण ग्राम सरायरासी परगना हवेल अवध तहसील सदर जिला अयोध्या

**तारीख पेशी 11–03–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 03 के 11 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय जिला फैजाबाद
मूलवाद सं0–1550/2021

अनिल वर्मा
बनाम
बिलगू

बनाम–1– बिलगू पुत्र रामू निवासी ग्राम अंकवारा पो0 नरायनपुर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या

**तारीख पेशी 14–03–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 03 के 14 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय जिला फैजाबाद
मूलवाद सं0–1031/2024

सुखमता
बनाम
रामबचन

बनाम–1– रामबचन पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम द्वारिकापुर परगना अमसिन तहसील सदर जिला अयोध्या हाल मुकाम निवासी ग्राम मित्रसेनपुर पोस्ट अलावलपुर परगना हवेली अवध जिला अयोध्या

**तारीख पेशी 20–03–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 03 के 20 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय जिला अयोध्या
मूलवाद सं0–718/2024

हनुमान प्रसाद
बनाम
अंकित आदि

बनाम–1– अंकित पुत्र हनुमान प्रसाद 2. खुशी पत्नी अंकित निवासीगण मकान नं0–1/03/130 सहादत्तगंज परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला–अयोध्या

**तारीख पेशी 25–03–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 03 के 25 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

# सीएम योगी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, स्मृतियों को किया नमन





**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, श्भारत रत्नश पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने एक उत्कृष्ट अधिवक्ता, कुशल राजनेता और प्रशासक के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के पंत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि पंडित पंत संविधान सभा के सम्मानित सदस्य थे और देश की आजादी के बाद 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद वे देश के गृह मंत्री बने और हिंदी को राजभाषा के रूप में स्थापित करने का श्रेय भी इन्हें जाता है, उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 1957 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय की आधारशिला स्वयं पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने रखी थी, उन्होंने 7 मार्च 1961 को इस दुनिया को अलविदा कहा, आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर हम उनके स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की तरफ से उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

इस अवसर पर सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बिना आशय हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, चार लाख रुपए का अर्थदण्ड

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले में बिना आशय हत्या करने के आरोपी को जनपद एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र प्रसाद चौधरी की कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी इरफान पर सजा के अतिरिक्त चार लाख रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि सहयोगी आरोपी मोहम्मद मोबीन को आयुध अधिनियम में दोष सिद्ध करार देते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास तथा पन्द्रह हजार रुपए अर्थदण्ड का फैसला सुनाया। यह फैसला कोर्ट ने एक मित्र के अभियोग पंजीकृत कराने व साक्ष्य पर दिया। जबकि एक मित्र व भाई पक्षद्रोही हो गए थे। मित्र साक्षी के विरुद्ध कोर्ट ने अभियोग पंजीकृत करने का भी आदेश दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में मनोज कुमार पुत्र राम ललित ग्राम ढोढ़ई हरपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उसका आरोप था कि दिनांक 18 मई 2023 को शाम सवा छः बजे मैं गांव निवासी दोस्त रानू उर्फ रुदल पुत्र सोमई निषाद व अमन निषाद पुत्र राम जियावन के साथ मुसरद चौराहे पर मोहम्मद मोबीन मुर्गा वाले की दुकान पर मुर्गा खरीदने गए थे। मोबीन की दुकान पर इरफान पुत्र अजीजुद्दीन ग्राम मुसरद थाना दुधारा पहले से मौजूद था। दिनांक 16 मई को डीजे में हुए विवाद की रंजिश को लेकर रानू व अमन को इरफान गाली देने लगा। मना करने पर मुर्गा काटने वाले चाकू से रानू के गर्दन पर वार कर दिया और रानू बेहोश होकर गिर गया। इरफान जान से मारने की धमकी देते हुए भागने लगा तो लोगों ने पकड़ लिया। घायल रानू को बाइक पर लेकर जिला अस्पताल गया। चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान रानू उर्फ रूदल की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इरफान के विरुद्ध बिना आशय जान लेवा हमले का अभियोग पंजीकृत किया।

# अयोध्या पहुंचीं हर्षा रिछारिया बोलीं–जल्द करूंगी बड़ी घोषणा, रामलला से मांग ली है अनुमति

**संवाददाता–अयोध्या।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान चर्चा में आईं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि की शिष्या व मॉडल हर्षा रिछारिया ने अयोध्या पहुंच राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। सबसे पहले उन्होंने रामलला का आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अभी मैं मंदिरों में दर्शन–पूजन कर रही हूं, जल्द ही बड़ी घोषणा करूंगी। रामलला के सम्मुख उपस्थित होकर मैंने अनुमति मांग ली है।

हर्षा ने कहा कि रामलला की प्रतिमा बहुत ही मनोरम है। उनके समक्ष प्रार्थना करके मुझे अलौकिक आनंद प्राप्त हुआ। रामनगरी बहुत ही दिव्य व भव्य लगी। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में आप मुझे अध्यात्म के मार्ग पर चलते हुए देखेंगे।





अपने साथ युवाओं को भी जोड़ूंगी। अभी हम लोग विभिन्न जातियों व धर्मों में बंटे हुए हैं। हर्षा ने युवाओं से मोबाइल व रील का उपयोग सकारात्मक रूप में करने की अपील की। कहा, अभी बहुत से युवा रास्ता भटक कर इसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं कुछ युवा सोशल मीडिया के माध्यम से रील बना कर धर्म व अध्यात्म का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं।

महाकुंभ के दौरान चर्चा में आईं व बाद में विवाद में घिरीं महानिरंजनी अखाड़े की शिष्या हर्षा रिछारिया गुरुवार को काशी भी पहुंची थीं। यहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ धाम पहुंचकर श्रीकाशी विश्वेश्वर महादेव के दर्शन किए और तत्पश्चात मां अन्नपूर्णा मंदिर गईं। वहां मां की विधिवत पूजा–अर्चना कर मंदिर के महंत शंकर पुरी महाराज से आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया।

# शादी समारोह में गोली चलाने वाले को पुलिस ने गिफ्तार कर भेजा जेल





**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** शादी समारोह में जयमाल के दौरान एक युवक ने अवैध पिस्टल से हर्ष फायरिंग कर दी। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद हुए।

अकबरपुर कोतवाली के लालापुर निवासी मेवालाल वर्मा की बेटी का बृहस्पतिवार को विवाह था। केदारनगर से बरात आई थी। डांस करते हुए बराती पंडाल में पहुंचे। द्वारचार के बाद घराती और बरातियों ने खाना खाया। रात करीब 12 बजे जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था, स्टेज पर पहुंचे एक युवक ने अपने रिश्तेदार से पिस्टल लेकर लोड की और फायरिंग कर दी।

पंडाल में मौजूद किसी व्यक्ति ने अवैध पिस्टल से हर्ष फायरिंग करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसका पता चलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने पंडाल से ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सनी वर्मा निवासी माधवपुर के रूप में की गई।

आरोपी ने बताया कि पिस्टल उसके चाचा अरविंद वर्मा की है। कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। अवैध पिस्टल रखने के मामले में अरविंद की भी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग के छापेमारी की भनक लगते ही बंद हो गए अस्पताल

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का रुख सख्त हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले के दक्षिणी छोर धनघटा तहसील क्षेत्र में चल रहे गैर पंजीकृत अस्पतालों पर जांच करने पहुंची। लेकिन टीम के आने की भनक लगते ही ये अस्पताल संचालक पहले से ही अपने अस्पतालों का शटर गिरा दिए। जिससे टीम बैरंग वासप लौट आई। टीम ने गैर पंजीकृत नर्सिंग होम पर नोटिस चस्पा कर दी है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर एसीएमओ डा. रामरतन, डा. शैलेंद्र कुमार सिंह अपनी टीम के साथ सरकारी वाहन से धनघटा तहसील क्षेत्र के नाथनगर तिराहे पर पहुंचे। वहां पर अस्पताल के सामने चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों का शटर गिरा रहा। इसके बाद टीम धनघटा तिराहे पर पहुंची। वहां पर भी जो नर्सिंग होम चल रहे थे वे बंद मिले। चपरा पूर्वी तिराहे के पास स्थित एक नर्सिंग होग बंद मिला। टीम ने इस पर नोटिस चस्पा कर दी। इसके बाद टीम हैंसर बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में गई लेकिन सभी जगहों पर ताला बंद मिला। टीम ने करीब छह नर्सिंग होम पर नोटिस चस्पा कर कागजात लेकर सीएमओ कार्यालय तलब किया है।

वैसे तो सीएमओ कार्यलय से जब टीम छापेमारी करने निकलती है तो वह बहुत ही गोपनीय रहता है लेकिन अपंजीकृत अस्पतालों पर टीम के पहुंचने के पहले वे बंद मिले। आखिर टीम के आने की सूचना इन संचालकों को कैसे मिल जाती है। इन कारोबारियों का नेटवर्क इतना मजबूत है कि टीम के आने की सुगबुगाहट पहले से मिल जाती है। एसीएमओ डा. राम रतन ने बताया कि टीम छापेमारी करने गई थी

# राममंदिर को उड़ाने की साजिशः आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ाई गई, अपिरिचत को न रोकने की हिदायत



**संवाददाता–अयोध्या।** फरीदाबाद में जिले के मिल्कीपुर निवासी एक संदिग्ध आंतकी के पकड़े जाने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि राममंदिर को उड़ाने की साजिश रची जा रही थी। इसको देखते हुए पिछले तीन–चार दिनों से राममंदिर व आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ाई गई है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार रात सुरक्षा बलों ने राममंदिर के आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को हिदायत दी कि अपने घर में अपरिचित को न रोकें।

एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे की अगुवाई में सुरक्षाबलों ने राममंदिर के आसपास के इलाकों में बृहस्पतिवार रात भ्रमण कर संदिग्ध मिले युवकों से पूछताछ की। कटरा, दुराही कुंआ, जैन मंदिर के पीछे, टेढ़ीबाजार आदि क्षेत्रों में रह रहे लोगों को घर में किसी भी अपरिचित को न रोकने की हिदायत दी गई। साथ ही लोगों से अपील की गई कि कोई संदिग्ध, व्यक्ति व वस्तु दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। एसपी सुरक्षा ने बताया कि राममंदिर से सटे इलाकों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। सभी कैमरे काम कर रहे हैं, पूरा इलाका कैमरे की नजर में है। कुछ इलाकों में प्रकाश व्यवस्था का अभाव था, ऐसे इलाकों में नए सिरे से प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त की जा रही है। कई जगहों पर झाड़ियां उग आई हैं, इसको साफ करने के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखा गया है। मंदिर के आसपास की दुकानों पर लगातार चेकिंग की जा रही है। दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की गई है।

## गोरखनाथ मंदिर परिसर में सीएम योगी ने किया जनता दर्शन, अधिकारियों से कहा- जरूरतमंदों के लिए सदा खड़े रहें



**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्जनता दर्शनश किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में आये बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांग समेत करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया कि जनसमस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसलिए हर जरूरतमंद की मदद के लिए सदा खड़े रहें। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि चिंता न कीजिए, जनता से जुड़ी हर समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक–एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनसमस्याओं के समाधान में शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

## नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य रहता बेहतर

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** सीबी सिंह लॉ कॉलेज सोनगांव अकबरपुर में चल रही चार दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को साधकों ने योगाभ्यास कर उसके लाभ एवं महत्त्व को जाना। योग गुरुओं ने साधकों को बताया कि योग जीवन को साधने का एक महत्त्वपूर्ण जरिया है। आज के दौर में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्त्वावधान में हैप्पीनेस कार्यक्रम में जनपदस्तरीय अधिकारी अनिल सिंह एवं रेखा सिंह, हनुमान सिंह, अमन सिंह ने सुबह वज्रासन, सुदर्शन क्रिया, कपालभाति, अनुलोम विलोम का साधकों को अभ्यास कराया। कहा कि आज के दौर में जिस प्रकार से लोग गलत खानपान के चलते बीपी, हार्ट, श्वास व मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं, वह चिंता का विषय है। लोग शारीरिक परिश्रम इतना नहीं करते, जितना करना चाहिए। शारीरिक परिश्रम से नस नाड़ियां क्रियाशील रहती हैं, जिससे शरीर के हर हिस्से में रक्त का संचार सुचारु रूप से होता है। हालांकि आज के दौर में शारीरिक परिश्रम करने वालों की संख्या कम होती जा रही है। कहा कि योग ऐसी विधा है, जिसे अपनाकर मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सकता है। इसके नियमित अभ्यास से कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ उदय प्रताप सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश वर्मा, निधि सिंह, संजीव, अमित उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# पेंशनरों की सुविधा के लिए बनेगा विश्राम कक्ष

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** पेंशनरों की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष कक्ष का निर्माण होगा। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कोषागार कार्यालय के पास इसके लिए स्थल का निरीक्षण किया।

पेंशनरों ने जिलाधिकारी से शौचालय सुविधा युक्त एक कक्ष बनाने की मांग की थी। इस पर डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। आज डीएम ने खुद कोषागार कार्यालय के आसपास उचित स्थल की तलाश की।

# एड्स से बचाव के लिए सार्वभौमिक सावधानी जरूरी

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** एड्स से बचाव के लिए सार्वभौमिक सावधानी जरूरी एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा मेंस्ट्रीमिंग संवेदीकरण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एड्स नियंत्रण के नोडल अधिकारी डॉ. माज फारुकी ने बताया कि एड्स सामान्य माध्यम से नहीं फैलता है। यह केवल संक्रमित रक्त या तरल पदार्थ के माध्यम से फैल सकता है।

डॉ. फारुकी ने कहा कि लोगों को अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में सार्वभौमिक सावधानी बरतनी चाहिए। यह न केवल खुद को संक्रमण से बचाती है, बल्कि दूसरों तक संक्रमण फैलने से भी रोकती है।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार



श्रीवास्तव ने एचआईवी एवं एड्स अधिनियम 2017 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून कलंक और भेदभाव को दूर करने में मदद करता है। साथ ही एड्स पीड़ितों के लिए बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करता है। श्रीवास्तव ने बताया कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। उन्होंने अधिनियम के उल्लंघन पर मिलने वाली सजा और जुर्माने के प्रावधानों की भी जानकारी दी। कार्यशाला में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कन्नौजिया, एड्स कंट्रोल ऑफिसर डॉ. एस.डी. ओझा, डॉ. वी.पी. पांडेय और जिला प्रतिरक्षा अधिकारी डॉ. विनय सोनी सहित अन्य चिकित्सक, नर्स और फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0–
अदालत– श्रीमान जिलाधिकारी न्यायिक भानपुर जिला–बस्ती
फूलचन्द्र आदि
बनाम
बालचन्द्र आदि

1. बालचन्द्र 2. सुवाष चन्द्र 3. हरिश्चन्द्र पुत्रगण रामसवांरे 4. बाबूलाल 5. रंगीलाल पुत्रगण झगरू 6. श्रीराम 7. जैश्री पुत्रगण सेतू 8. कनिकराम पुत्र बुद्धिराम 9. रामराज पुत्र भदई 10. साधूसरन 11. जोगी 12. गौतम पुत्रगण पंचम 13. श्रीमती अकालपती पत्नी रामचन्द्र 14. रामउग्रह पुत्र बासदेव 15. मनोहर पुत्र रघुवीर साकिनान सकतपुर तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला–बस्ती 16. अ0भू0प्र0स0 द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत सकतपुर तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 12–03–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 03 माह 03 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
वाद सं0 C 202417000001240
अदालत– श्रीमान आयुक्त बस्ती मण्डल महोदय बस्ती जिला–बस्ती
शिवपूजन
बनाम
नेक मोहम्द

1. नेक मोहम्मद 2. फतेह मोहम्मद 3. शब्बीर खान पुत्रगण अब्दुल रहमान 4. फौदू पुत्र खुद्दुर साकिनान बनकट तप्पा कनैला परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 23–04–2025**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 23 महीना 04 सन 2025 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है। अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख 07 माह 03 सन 2025 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (सी0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–238/2020
स्टेट बैंक
बनाम
रामसागर आदि

1. राम सागर पुत्र हरीराम निवासी मड़वानगर बडेवन तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 2. रामकल्प यादव पुत्र रामशब्द ग्राम डिलिया तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 26–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 26 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान चतुर्थ अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–238/2024
सावित्री देवी
बनाम
बनारसी लाल आदि

1. बनारसी लाल पुत्र मंगल लाल ग्राम कोहराऐ तप्पा सिकन्दरपुर परगना अमोढ़ा तहसील हरैया जिला बस्ती –प्रतिवादी प्रथम वर्ग
2. पंचलाल पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम कोहराऐ तप्पा सिकन्दरपुर परगना अमोढ़ा तहसील हरैया जिला बस्ती हाल मुकाम पता–मकान नं0–10781 गली नं0–9, कोट मंगल सिंह मिलरगंज लुधियाना पंजाब –प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 17–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 17 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान अष्टम् अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–443/2020
राकेश कुमार आदि
बनाम
उ0प्र0 सरकार

1. उ0प्र0 सरकार बजरिए अधिशाषी अभियन्ता सरजू नहर खण्ड (2) हाल मुकाम सरकार उ0प्र0 जरिए अधिशाषी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड–4 गोण्डा

**तारीख पेशी 15–04–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 15 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान अष्टम् अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0–41/1996
राम प्रसाद पाण्डेय आदि
बनाम
राजमणि आदि

1. राजमणि 2. रामतेज पुत्रगण रामनिधि पाण्डेय 3. श्रीमती अवधराजी पत्नी रामतेज पाण्डेय निवासीगण मौजा जामडीह तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 21–03–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 21 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**
**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**
**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**